दिनांक

# तुम्हें सुनानी चित्र कहानी



बाईं ओर के चित्र को ध्यान से देखो।
इसमें कौन-कौन दिखाई दे रहा है?
चित्र में क्या-क्या हो रहा है?
इस चित्र पर सोच कर कहानी बनाओ।


नीचे के तीन चित्रों को देखो। इनमें तुम्हें एक कहानी नज़र आएगी
इस कहानी को बोलकर सुनाओ। हो सके तो इसे लिखो भी।



दिनांक

# भाग (÷)

भाग करने का मतलब है हिस्से बाँटना। हिस्से ऐसे जो बराबर हों।




गोले में रखी अंटियों को 4 दोस्तों में बराबर-बराबर बाँटना है। चारों ने अपनी-अपनी जगह एक-एक घर बना कर निश्चित कर ली है। लेकिन अंटियां बाँटें कैसे?


शानी तो ऐसे बाँटती है। एक अंटी उठाकर दोस्त 1 के घेरे में।
फिर एक अंटी दोस्त 2 के घेरे में, फिर 3 और फिर दोस्त 4 के घेरे में।

चारों को एक-एक अंटी देने के बाद वह दोस्त 1 से दोबारा शुरू हो जाती है। ओर फिर दोस्त 4 तक जाती है। इसी प्रकार बाँटने का यह क्रम चलता है। और जब बड़े घेरे में कंचे खतम तो फिर बाँटना भी खतम।

*तुम चित्र में दी गई अंटियों को कैसे बाँटोगे?*

बाहर से हर अंटी के चित्र के लिए एक-एक कंकड़ लाकर, कंकड़ बाँट सकते हो? करके देखो।

● अंटी की ओर साथ-साथ कंकड़ की संख्या बदल कर तुम और भी अभ्यास कर सकते हो। चाहो तो दोस्तों की संख्या बदल कर भी अंटी उनमें बाँटो।
शानी और मेरे तरीके के अलावा और किस-किस तरीके से तुम बराबर-बराबर बाँट सकते हो?
● एक बात आपस में सोच-विचार के लिए –
तुम भाग का उपयोग कहाँ-कहाँ करते हो?



दिनांक

# नई पहेली

खाली जगह में पहेली के चित्र बनाओ।
नाम भी लिखो

पानी में की रानी है
जीवन उसका पानी है।

___________

कांच के गोले में
वह डाले रहता डेरा।
___________ करे रात भर काम
और सो जाता देख सबेरा।

पंख नहीं पर उड़ती हूँ
हाथ नहीं पर लड़ती हूँ।

___________

पानी में का राजा है
टर्र-टर्र उसका बाजा है।

___________

कीड़े मकोड़े खाती है।
हाथ नहीं वो आती है।
___________ कली नाम है उसका आधा,
पूँछ छोड़ छिप जाती है।

दिखने में है काला
बारिश, धूप का रखवाला।

___________

सूरज के मैं साथ निकलती
काला-काला रूप।
और सभी के साथ में चलती
दिनभर बदलूं रूप।

नहीं लगते इनके रोपे
बीज न इनके बोते हैं।
लेकिन फिर भी उगते रहते
सबके तन पर होते हैं।

मैं चलती हूं वो चलती है
मैं रूकती हूं वो रूकती है।

एक लाठी की सुनो कहानी
छिपा है जिसमें मीठा पानी।

देखने में रस्सी या
बिना पैर के चले
जानवर मैं ऐसा
जो देखे वो डरे।


सभी पहेलियों को नम्बर दो। उनके उत्तर लिखो। खाली जगह में पहेलियों के लिए चित्र बनाओ।

1.---------- 2.---------- 3.---------- 4.----------
5.---------- 6.---------- 7.---------- 8.----------
9.---------- 10.---------- 11.---------- 12----------

- ऐसे शब्दों वाली और पहेलियाँ अपनी कॉपी में बनाओ।


दवाई में से 'द' को छोड़ो आगे किसान का 'हल' जोड़ो। ............

# सवाल ही सवाल




1. मोहन अपने भाई-बहनों के लिए रोटी बना रहा था। उसके चार भाई-बहन हैं। हर एक 3 रोटी खाता है। बताओ उसको कुल कितनी रोटियाँ बनानी पड़ीं?

2. छोटी, शीना और गुलाबो कैरी तोड़ने गईं। शीना ने 7, गुलाबो ने 5 और छोटी ने 9 कैरियाँ तोड़ीं। तीनों ने कुल कितनी कैरियाँ तोड़ीं?



3. प्रीति और बाबूलाल के घर में एक बड़ी टंकी है। टंकी में 16 बाल्टी पानी आता है। प्रीति ने 7 बाल्टी पानी टंकी में डाल दिया।अब टंकी भरने के लिए बाबूलाल को कितनी बाल्टी पानी और लानी होगी?

4. गोपीनाथ की दुकान में 25 पैसे की 5 गोलियाँ मिलती हैं। गबरू 1 रुपया लेकर गोलियाँ लेने गया। उसे 1 रुपये की कितनी गोलियाँ मिली होंगी?



5. भौंरीलाल और कमलचन्द्र आम के बाग में गए। भौंरीलाल ने 6 आम तोड़े। कमलचन्द्र ने भौंरीलाल के आम देखकर कहा – मैंने तो तेरे से दुगने आम तोड़े हैं। बता मेरे पास कितने आम हैं?

___दिनांक


# खोखे में चूज़े

सुक्कू, टिल्लू और मुन्नी ने कहा कि वो खोखों में चूज़े रखेंगे। हर खोखे में एक चूज़े का घर होगा। मुन्नी अपने खोखे ठीक से रख रही है। सुक्कू ने तो चूज़े रखना शुरू कर दिया है। लेकिन टिल्लू तो अभी भी अपने घेरे के चूज़ों को पकड़ने में लगा है।
कौन-सा चित्र टिल्लू का है, कौन-सा मुन्नी का है और कौन-सा सुक्कू का है? चित्रों के नीचे उनके नाम लिखो।

सब को अपने घेरे के चूज़ों को खोखों में भरना है।

हर एक के चूज़ों को उसके खोखों में भरो। हर खोखे में एक।


● किसके खोखे ज़्यादा ऊपर तक भरे?



अगर तीनों को 2–2 चूज़े और मिल जायें, तो किसके पास चूज़ों के लिए खोखे नहीं बचेंगे?

● *अपने आस-पास के चूज़ों को देखो। वे क्या-क्या खाते हैं? किस-किस रंग के होते हैं? किससे डरते हैं? इन सवालों पर चर्चा करो।*

# गोपाल गडरिया



चित्र में क्या-क्या दिख रहा है?

लड़के के हाथ में क्या है?

चित्र में क्या-क्या हो रहा है?

- नीचे की सूची को देखो। उसमें से जो चित्र में नहीं है उन पर गोला लगाओ –

हाथी, कुत्ता, गाय, बिल्ली, मछली,
बेलन, चीटा, तितली, चूहा, सूरज।

- चित्र में सभी दोस्तों के नाम लिखो।

चित्र में गाय के ऊपर एक मक्खी बनाओ।



चित्र में कौवे के सिर के ऊपर तितली बनाओ।

दिनांक

● यहां पर बहुत सारे अक्षर लिखे हैं। इन अक्षरों से खूब सारे शब्द बनते हैं। शब्द ढूंढ कर उन पर गोला लगाओ। बिज्जो ने तुम्हारे लिए दो शब्द ढूंढे हैं। तुम भी अपने शब्दों को तालिका मे सही जगह भरो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| कौ | स | म | ल | तो | ड़ | ता |
| वा | ज्ञ | छ | प | ता | जा | गा |
| नी | म | ली | की | लो | म | ड़ी |
| ब | पी | प | ल | के | री | छ |
| हा | ना | पी | टा | ला | से | चू |
| र | ह | ता | आ | ख | ब | हा |
| ता | ड़ | इ | म | ली | ड़ | थी |

**जो शब्द बनते जाएँ उन्हें यहाँ लिखो।**

जैसे - कौसम, मछली, ...............

| पशु, पक्षी, कीड़े | पेड़, पौधे, झाड़ी | काम |
|---|---|---|
| मछली | कौसम | |

● कहानी पूरी करो।

गोपाल नाम का एक लड़का -------- में रहता था।

वह रोज़ जंगल में गाय चराने जाता था। गाय का नाम उसने रम्भा रखा था।

------------ रोज़ दूध देती थी।

गोपाल के दो दोस्त थे। एक कुत्ता, जिसका नाम कारो था।

और दूसरा था एक कौवा। कौवे का नाम था ------------ ।


एक दिन जब गोपाल जंगल में जा रहा था तो उसने एक अजीब चीज़ देखी .................

● *तुम्हारे ख्याल से कौवा गोपाल से क्या कह रहा होगा?*



.......दिनांक

# आगे बढ़ाओ



इन अंकों को देखो – 1, 5, 9, 13, 17, 21, ...... (इस पैटर्न में हर दो अंकों के बीच चार का अंतर है।) बताओ 21 के बाद क्या आना चाहिए? अब इसी तरह नीचे वाले पैटर्नों को देखो और आगे बढ़ाओ।

28, 27, 26, 25, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...

5, 10, 15, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ........, ...., ...., ....,

44, 43, 42, 41, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ....,

14, 12, 10, 8, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ....,

3, 5, 7, 9, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ....,

25, 20, 15, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ....,

62, 52, 42, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ....

2, 4, 8, ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ...., ....,

ऐसे और पैटर्न खुद सोचकर बनाओ, तुम करो, दोस्तों से भी कराओ।